तापमान
अधिकतम 38.8 डिग्री से.
न्यूनतम 23.0 डिग्री से.

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 11 जुलाई 2026

12 गदौली में पुल निर्माण व स्टोन पीचिंग के कार्य में कोताही ...

12 परिवार व समाज को जागरुक करने ...


## खबर संक्षेप

### बर्म तोड़ने और पेड़ उखाड़ने पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** एचएसवीपी द्वारा सड़क किनारे बनाए गए बर्म को तोड़ने और पेड़ उखाड़ने के आरोप में पुलिस ने सेक्टर-17 निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कार्रवाई एचएसवीपी के एस्टेट ऑफिसर की शिकायत पर की गई। बताया गया कि आरोपी ने सड़क किनारे बने बर्म को क्षतिग्रस्त कर वहां लगे वृक्ष भी उखाड़ दिए थे। मामले की शिकायत सीएम विंडो पर पहुंचने के बाद जांच के आदेश दिए गए। पुलिस ने बीएनएस की धारा 303 और प्रिवेंशन ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट की धारा 3 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रंजिश में बुजुर्ग पर हमला बाजू टूटी, केस दर्ज

**यमुनानगर।** जठलाना थाना क्षेत्र के गांव फतेहगढ़ में पुरानी रंजिश के चलते एक बुजुर्ग पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मदनलाल, उसके बेटे रोहित और पंकज ने मिलकर जयराम पर हमला कर दिया, जिससे उसकी बाजू में फ्रेक्चर हो गया। घायल का अस्पताल में उपचार चल रहा है। जयराम की शिकायत पर पुलिस ने जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पानीपतः किसान की करंट लगने से मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव कवि में शुक्रवार सुबह अपने खेतों में धान की फसल में पानी चलाने गए युवा किसान अनिल की ट्यूबवेल के स्टार्टर से करंट लगने के कारण मौत हो गई। अनिल अपने परिवार का एकमात्र सहारा था, जो अपने बुजुर्ग माता-पिता के साथ-साथ अपने स्वर्गीय बड़े भाई के परिवार का पालन पोषण कर रहा था। अनिल की मौत से उनके परिजनों का जहां रो रो कर बुरा हाल है।

### इसरानाः राज मिस्त्री स्कूटी लेकर फरार

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना की विश्वकर्मा कॉलोनी में अजय मूल निवासी गांव बुआना लाखु के निर्माणाधीन मकान से स्कूटी, की-पैड फोन और 800 रुपये नकद चोरी हो गए। अजय का आरोप है कि मकान के निर्माण को पानीपत के संजय चौक के फट्टे से उनका मजदूर सतीश एक राज मिस्त्री को लाया था। वहीं, चोरी राज मिस्त्री ने की है। अजय की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अजय ने बताया वह फट्टे से आए राज मिस्त्री को नहीं जानता है।

### विदेश भेजने का झांसा देकर 6.26 लाख हड़पे

**यमुनानगर।** विदेश भेजने और रोजगार दिलाने का झांसा देकर एक युवक से 6.26 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आनंद कॉलोनी पुराना हमीदा निवासी राकेश कुमार की शिकायत पर पुलिस ने कपिल कुमार, पत्नी प्रिया और हीना के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## कई जिलों में मानसून सक्रिय बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले दो दिन से जिले में लगातार रुक-रुककर हो रही बारिश लोगों के लिए आफत बन गई है। आलम यह है कि जिले के कई स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। किसानों के खेतों में पानी भरने से पछेती लगी धान को नुक्सान हो रहा है, वहीं, तेज बारिश से नीचले इलाकों व सड़कों पर पानी भरने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। आलम यह है कि कई स्थानों पर सड़कों पर दो से तीन फुट पानी भर गया है। जिससे लोग परेशान हो उठे हैं। दूसरे दिन भी अर्ध रात्रि से जिले में रुक-रुक कर मूसलाधार बारिश हो रही है। जिसकी वजह से सड़कों व नीचले इलाकों में कई-कई फुट पानी भरने से लोग परेशान हो गए हैं। लोगों को अपने गंतव्य तक सड़कों पर भरे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। मौसम विभाग की मानें तो अभी एक दो दिन और बारिश होने की उम्मीद है। दो दिन से लगातार बारिश जारी रहने से किसानों के खेतों में लबालब पानी भरने से अधिकांश स्थानों पर पछेती लगी धान की फसल पानी में डूब गई है। किसान बारिश के बीच पानी में डूबी धान को बचाने के लिए खेतों से पानी उतारने के लिए कड़ी मशक्त कर रहे हैं। मगर जैसे ही खेतों से पानी कम होता है दोबारा फिर से तेज बारिश होने से पानी भर जाता है।

■ जिले में दो दिन से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

# बारिश से यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और इंद्री में जनजीवन प्रभावित, जलभराव और हादसों ने बढ़ाई परेशानी

*लगातार हो रही बारिश ने यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और इंद्री में जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। यमुनानगर में जलभराव से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि कुरुक्षेत्र में दो लोगों की करंट से मौत हो गई।*


यमुनानगर। तेज बारिश से सड़कों पर भरे पानी के बीच से गुजरते लोग। फोटो : हरिभूमि

## हथिनीकुंड बैराज पर बढ़ा यमुना का जलस्तर, 10 गेट खोले, प्रशासन अलर्ट

**यमुनानगर।** पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में लगातार बारिश के चलते शुक्रवार को हथिनीकुंड बैराज पर यमुना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। बैराज पर पानी का डिस्चार्ज करीब 50 हजार क्यूसेक पहुंचने के बाद सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन अलर्ट हो गया। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए बैराज के 10 गेट खोलकर अतिरिक्त पानी छोड़ा जा रहा है। प्रशासन ने यमुना किनारे बसे गांवों के लोगों को नदी के आसपास न जाने की सलाह दी है। वहीं, सोम और पथराला नदियां भी उफान पर हैं, जिससे कई क्षेत्रों में खेतों में पानी भरने से फसलों को नुकसान की आशंका बढ़ गई है। सिंचाई विभाग ने कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर 24 घंटे निगरानी के निर्देश दिए हैं।


यमुनानगर। हथिनी कुंड बैराज के खोले गए गेट। फोटो : हरिभूमि

## ट्रांसफार्मर के तार में करंट आने से दो सगे भाइयों की मौत

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र गांव धनतोड़ी में शुक्रवार को बरसात के दौरान ट्रांसफार्मर की तार में करंट आने से एक ही परिवार के 3 लोग इसकी चपेट में आ गए। तीनों को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसमें से 2 सगे भाइयों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी बिंदर राम पुत्र मनीराम सबसे पहले करंट की चपेट में आया। बताया जा रहा है कि बारिश के कारण ट्रांसफार्मर की बिजली की तार में करंट फैल गया था। जैसे ही बिंदर राम इसकी चपेट में आया तो उसे बचाने के लिए उसका भाई नाथी राम दौड़ा। जैसे ही उन्होंने बिंदर राम को छुड़ाने की कोशिश की, वो भी करंट की चपेट में आ गया। दोनों को तड़पता देख नाथी राम का 35 वर्षीय बेटा लाडी उन्हें बचाने के लिए आगे आया। उसने जैसे ही अपने पिता और ताऊ को छुड़ाने की कोशिश की, वह भी करंट की चपेट में आ गया। देखते ही देखते एक ही परिवार के 3 लोग बिजली के तेज करंट की चपेट में आ गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने शोर मचाया और बड़ी मुश्किल से तीनों को करंट से अलग किया। इसके बाद परिजन और ग्रामीण उन्हें तुरंत क्षेत्र के अग्रवाल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां 2 की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि तीसरे की हालत भी गंभीर बनी हुई है। हादसे की खबर फैलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दौरान बिजली के तार और ट्रांसफार्मर के आसपास विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, बारिश की वजह से ट्रांसफार्मर की तार में करंट फैलने के कारण यह हादसा हुआ।

## मारकंडा उफान पर, गदौली में काम कर रहे 17 लोग फंसे, 5 युवकों ने बचाई जान

■ एसडीएम समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे, एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया, ग्रामीणों को नदियों से दूर रहने का किया आग्रह

**अंबाला।** गांव गदौली के पास मारकंडा नदी में अचानक तेज उफान आने से खेतों में ट्यूबवेल ठीक करने गए 4 ग्रामीणों सहित कुल 17 लोग फंस गए। बहाव इतना तेज था कि लोग बाहर ही नहीं निकल पाए। मामले की सूचना मिलते ही एसडीएम नारायणगढ़, सिंचाई विभाग की एसडीओ शिखा बंसल, स्थानीय पुलिस, फायर ब्रिगेड और सरपंच पति हरदीप सिंह मौके पर पहुंचे और एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने सूझबूझ से 13 ग्रामीणों को पानी के तेज बहाव से बाहर निकाला। उफनते पानी में फंसे अन्य 4 ग्रामीणों को गांव के ही 5 युवकों (रोशन, आलमगीर, कुरशैद, सलमान और इकबाल) ने कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला। एसडीएम ने युवाओं की बहादुरी की तारीफ की और मानसून के मौसम में ग्रामीणों से नदी के नजदीक न जाने व सावधानी बरतने की सख्त अपील की है।

### रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव

उधर, रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव उधर जिले में रुक रुककर हो रही बरसात की वजह से रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव हो गया। ट्विन सिटी की मुख्य सड़कें भी जलमग्न हो गई। इसकी वजह से लोगों को बेहद दिक्कतें हुई। हालांकि नगर निगम व नगर परिषद की ओर से उन कॉलोनियों से पानी निकासी की कार्रवाई शुरू कर दी थी जिसमें जलभराव हो गया था। दोपहर बाद तापमान बढ़ने से पानी का जलस्तर नीचे चला गया था। हालांकि शाम को भी बादल गड़गड़ानेके बाद बूंदाबांदी शुरू हो गई। बरसात की वजह से प्रशासन की ओर से भी अधिकारियों को अलर्ट पर रखा गया है।

»» चार्टर्ड अकाउंटेंट की हत्या मामले में कोर्ट का फैसला

## ब्लाइंड मर्डर केस सुलझा रूममेट को उम्रकैद की सजा

■ दोषी पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शाहाबाद में मिले युवक के शव से शुरू हुई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी आखिरकार सुलझ गई। नौकरी की तलाश में महाराष्ट्र से आए चार्टर्ड अकाउंटेंट सागर की हत्या के मामले में कोर्ट ने उसके रूममेट विक्टर जोन मैनटैरियो उर्फ सोनू को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। मामला 4 अप्रैल 2023 का है, जब रतनगढ़ निवासी एक व्यक्ति को निर्माणाधीन बिल्डिंग के पास युवक का शव मिला था। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### बर्गर खाने की आदत ने सुलझाई गुत्थी

इधर, सागर के पिता मनीष कुमावत अपने बेटे की तलाश में लगे हुए थे। सागर का मोबाइल लंबे समय से बंद आ रहा था। उन्होंने उसी नंबर को मोबाइल कंपनी से दोबारा जारी करवाया और इस्तेमाल करना शुरू किया। कुछ समय बाद शाहाबाद से उनके पास कॉल आई। कॉलर ने कहा कि वह सागर को जानता था। उसने सागर के कुछ पैसे देने हैं, क्योंकि वह उसके यहां बर्गर खाने आता था। यह फोन कॉल पूरे मामले का पहला बड़ा सुराग बना। पिता को अनहोनी की आशंका हुई। वह शाहाबाद पहुंचे और पुलिस से संपर्क किया। उन्होंने अपने बेटे की फोटो और उसके कपड़ों से शव की पहचान सागर के रूप में कर दी। हालांकि शव का पहले ही अंतिम संस्कार हो चुका था।

### कॉल डिटेल ने खोला हत्या का राज

सीआईए-2 की जांच में चार्टर्ड अकाउंटेंट सागर हत्याकांड का खुलासा हुआ। पुलिस ने सागर के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली तो सामने आया कि उसकी सबसे ज्यादा बातचीत रूममेट विक्टर जोन मैनटैरियो उर्फ सोनू से होती थी। सागर के पिता और भाई ने भी आरोपी पर शक जताया था। पुलिस ने 16 मई 2023 को चंडीगढ़ से आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने पैसे के विवाद में सागर की हत्या करना कबूल किया। सागर के पिता ने आरोपी के लिए फांसी की सजा की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास और 25 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। फांसी की सजा मांगी थी। कोर्ट ने आरोपी सोनू को विभिन्न धाराओं के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।



अंबाला। जुआ खेलते काबू किए गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### दो छापों में जुए के 12 आरोपी पकड़े 2.17 लाख बरामद

■ सीआईए-2 और छावनी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**अंबाला।** पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 लाख 17 हजार 390 रुपये की जुआ राशि बरामद की है। सीआईए-2 की टीम ने अंबाला छावनी क्षेत्र में छापेमारी कर 10 आरोपियों को पकड़ा और उनके पास से 1 लाख 78 हजार 390 रुपये बरामद किए। वहीं, थाना अंबाला छावनी पुलिस ने 12 क्रॉस रोड के पास कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 39 हजार रुपये बरामद किए। पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।




## दरगाह के सेवादार ने पुजारी की टांग तोड़ी गले में गमछा डालकर सड़क पर घसीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में दरगाह के सेवादार ने एक पुजारी के साथ जमकर मारपीट की। अपने एक साथी के साथ मिलकर पुजारी की टांग तोड़ दी। इसके बाद गांव की सड़क पर पुजारी के गले में परना (गमछा) डालकर घसीटा। रास्ते में पुजारी के घसीटने के निशान भी बन गए। इसके बाद आरोपियों ने पुजारी को गली के चौराहे पर छोड़कर फरार हो गए। पुजारी करीब 2 घंटे तक चौराहे पर ही तड़पते रहे। सुबह खून के निशान देखकर ग्रामीण सड़क पर पड़े पुजारी तक पहुंचे। गंभीर हालत में पुजारी को एलएनजेपी में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि पुजारी की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। थाना सदर थानेसर के एसएचओ रणधीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी पंकज और उसकी पत्नी मनप्रीत को गिरफ्तार कर लिया है। यह भी बताया कि आरोपी पुजारी से रंजिश रखता था। पुजारी के आने के बाद दरगाह में श्रद्धालु कम हो गए थे।



कुरुक्षेत्र। बुजुर्ग पुजारी को घसीट कर ले जाता दरगाह का सेवादार एवं पुलिस गिरफ्त में आरोपी दंपत्ति। फोटो : हरिभूमि

### पुजारी से पंकज रंजिश रखता था

सरपंच परमजीत सिंह का कहना है कि गांव में मंदिर के पास ही नकोदर पीर की दरगाह है। दरगाह की देखरेख करने वाला पंकज पुजारी से रंजिश रखता था। सेवादार मामराज का कहना है- पुजारी कई साल मंदिर में आए थे, लेकिन कुछ समय बाद मंदिर से चले गए थे। करीब 2 महीने पहले ही गांव वालों के कहने पर पुजारी योगीराज दोबारा मंदिर में आए थे। तब आरोपी पंकज ने पुजारी के साथ मारपीट करने की धमकी दी थी।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने दिनदहाड़े सूने घर को बनाया निशाना

**यमुनानगर।** शहर की मायापुरी बैंक कॉलोनी में चोरों ने दिनदहाड़े सूने घर में घुसकर 15 हजार की नकदी तथा सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। परिवार के सदस्य घर वापस लौटे तो चोरी का पता चला। जानकारी के अनुसार शहर की मायापुरी बैंक कॉलोनी निवासी रघुराज ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि नौ जुलाई को दोपहर ढाई बजे वह घर के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गया था। शाम को चार बजे जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से 15 हजार रुपए, सोने की दो अंगूठियां, कानों की बालियां, एक जोड़ी पाजेब व अन्य सामान गायब मिला। उसने बताया कि चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब 77 हजार रुपए है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं के कारण लोगों में रोष पनप रहा है।

### नपा सचिव से झड़प करने पर मामला दर्ज

**यमुनानगर।** नगर पालिका साढ़ौरा में अतिक्रमण हटवाते समय सचिव नितिन वत्स के साथ झड़प करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। पुलिस ने नगर पालिका सचिव की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार नगर पालिका साढ़ौरा के सचिव नितिन वत्स ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बाजार में दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर अतिक्रमण किया हुआ था। चार जुलाई को साढ़ौरा बाजार से अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान पवन सैनी ने अतिक्रमण हटवाने के दौरान उनसे बहस शुरू कर दी और सरकारी काम में बाधा पहुंचाई। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी पवन के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### रादौर में विकास का ब्लूप्रिंट तैयार: करोड़ों के कार्यों को मिली हरी झंडी

# डंपिंग जोन होगा शिफ्ट, हर वार्ड में मिलेंगी नई सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

नगरपालिका रादौर के पार्षदों की बैठक का आयोजन नपा चेयरमैन कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता नपा चेयरमैन रजनीश मेहता शालु ने की। मौके पर नपा सचिव सुरेंद्र मलिक भी मौजूद रहे। बैठक में कई प्रस्ताव पास किए गए। नपा चेयरमैन रजनीश मेहता शालु ने बताया कि बैठक में नपा द्वारा अवैध कब्जामुक्त करवाई गई दो एकड़ भूमि पर रेस्ट हाउस, थाना व कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने का प्रस्ताव पास किया गया। वहीं, शेष ढ़ाई एकड़ भूमि को जल्द अवैध कब्जाधारियों से मुक्त करवाने का निर्णय लिया गया। इसके कस्बा में एसके रोड पर स्थित डंपिंग जोन को बुबका रोड या श्मशान घाट रादौर के पास शिफ्ट किए जाने को लेकर 6 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें चेयरमैन रजनीश मेहता, पार्षद भगवतदयाल कटारिया, पार्षद जसवंत सिंह बंचल, पार्षद बबली सैनी, पार्षद श्रीकांत मोटी व पार्षद संदीप छोटाबांस आदि को शामिल किया गया। बैठक में रादौरी रोड का नाम बदलकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग रखा गया। हर वार्ड में स्ट्रीट लाइटें व 30-30 बैंच रखवाए जाने, नगरपालिका परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा लगाए जाने का प्रस्ताव पास किया गया। इसके अलावा कस्बा के श्मशान घाट से नहर की पटरी तक के कच्चे रास्ते को पक्का करवाए जाने,नगरपालिका की खाली पड़ी भूमि पर तारबंदी करवाने, नगरपालिका में स्टेशनरी खरीदने के लिए टेंडर करने बारे, सरकार द्वारा वैध घोषित की गई कॉलोनियों में नालियां व गलियां बनाने पर सहमति जताई गई। कस्बा में कस्तुरबा गांधी आश्रम से गीता बाजार तक, गीता बाजार से बिजली बोर्ड तक, कॉलेज रोड से नामदेव चौक तक, कमेटी चौक से सरकारी अस्पताल तक स्मार्ट रोड बनाए जाने का प्रस्ताव पास हुआ। रादौर व छोटाबांस के श्मशान घाटो में भगवान शिव की प्रतिमाएं लगाई जाएंगी। रादौरी रोड पर नगरपालिका की ओर से स्ट्रीट लाइट पोल लगाकर लाइटे लगाई जाएंगी। कस्बा के श्मशान घाट में बैठने की व्यवस्था की जाएगी।

#### नपा चेयरमैन रजनीश मेहता शालु ने की बैठक की अध्यक्षता



**यमुनानगर।** रादौर नपा में आयोजित पार्षदों की बैठक में अध्यक्षता करते नपा चेयरमैन रजनीश मेहता शालु।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नपा के एमई संदीप शर्मा, अकाउंटेंट नीरज कांबोज, बीआई आदित्य कांबोज, पार्षद भगवतदयाल कटारियाए पार्षद बबली सैनी, पार्षद बेअंत कौर, रंजीत सिंह, मोंटी नामदेव, ऋषिपाल नंबरदार, विनिश राणा, संदीप छोटाबांस, अमनदीप छोटाबांस व राजीव आर्य सन्नी और मोनू सिंह आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** राजकीय वरिष्ठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल तेजली में आयोजित कार्यक्रम में पौधरोपण करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## कुप्रथाओं के विरुद्ध आवाज उठाएं विद्यार्थी: कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा राजकीय वरिष्ठ सीनियर सैकेंडरी स्कूल तेजली में पोक्सो, बाल विवाह, साइबर क्राइम, विश्व जनसंख्या दिवस, स्वस्थ बच्चा मजबूत राष्ट्र व कुपोषण का उन्मूलन जैसे विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने भाग लिया। प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने विद्यार्थियों से अन्याय, कुप्रथाओं व अपराधों के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। मौके पर स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र हर्ष के द्वारा नारी शक्ति के विषय पर एक कविता प्रस्तुत की। वहीं, लवजोत नामक विद्यार्थी ने पैनल अधिवक्ता द्वारा पूछे गए सवालों के सही जवाब देकर सराहनीय कार्य किया। इसी दौरान छात्र गौतम समेत अन्य विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्रांगण में पौधा लगाकर वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की गई। मौके पर बच्चों ने फलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाए।

#### विद्यार्थियों को पोक्सो कानून की जानकारी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन विद्यार्थियों को उनसे संबंधित कानूनी प्रावधानों जैसे पोक्सो एक्ट से अवगत कराने के उद्देश्य से किया जाता है। मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या किरण वाधवा ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि समेत सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

# जेल में बंद युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला जेल में बंद 26 वर्षीय युवक की शुक्रवार सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव ईशरपुर निवासी राहुल सैनी पुत्र श्याम लाल के रूप में हुई है। राहुल की मौत के बाद सिविल अस्पताल में पहुंचे परिजनों ने पुलिस और जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए।

मृतक के मामा रिंपी सैनी ने बताया कि राहुल काला कबाड़ी के पास ड्राइवर का काम करता था। वह सात जुलाई को घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजन उसे रिश्तेदारियों और अन्य स्थानों पर तलाशते रहे। शुक्रवार सुबह पुलिस ने उन्हें सूचना दी कि राहुल की मौत हो गई है। रिंपी सैनी का कहना है कि उन्हें यह भी नहीं बताया गया था कि राहुल जेल में बंद है और किस मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से पूछने पर पता चला कि 19 जून को जिला जेल के पास ढाबे पर हुए झगड़े के मामले में ढाबा संचालक की शिकायत पर उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया था। इसी मामले में 7 जुलाई को उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेजा गया था।

#### परिजनों से नहीं हो सका संपर्क: सतेंद्र कुमार

जिला जेल के अधीक्षक सतेंद्र कुमार ने बताया कि राहुल को सात जुलाई को मारपीट के एक मामले में जिला जेल लाया गया था। गुरुवार को उसने पेट दर्द की शिकायत की थी, जिस पर जेल के डॉक्टर को बुलाकर उसे दवा दी गई।। शुक्रवार सुबह राहुल ने दोबारा तबीयत खराब होने की शिकायत की। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे तुरंत सिविल अस्पताल रेफर करने की सलाह दी। जेल प्रशासन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सतेंद्र कुमार ने बताया कि जेल में दाखिल करते समय राहुल से परिजनों का मोबाइल नंबर लिया गया था, लेकिन वह नंबर लगातार स्विच ऑफ मिला। इसी कारण उसके परिजनों से संपर्क नहीं हो सका।

#### परिजनों ने सूचना नहीं देने का लगाया आरोप

परिजनों का आरोप है कि राहुल तीन दिन से जेल में बंद था, लेकिन पुलिस या जेल प्रशासन ने उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं दी। उनका कहना है कि शुक्रवार सुबह करीब सात बजकर 20 मिनट पर राहुल को अस्पताल लाया गया कुछ ही मिनट बाद सात बजकर 24 मिनट पर उसका मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया, जिससे पूरे मामले पर संदेह पैदा होता है। परिजनों ने आरोप लगाया कि राहुल की मौत जेल में हुई है और पुलिस वास्तविक कारण छिपाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग की।

# जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम ने प्रतियोगिता में मारी बाजी

#### शुक्रवार को टीम के संस्थान में पहुंचने पर किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम नेक्सोरा ने स्टेटाथॉन 2025-26 के ग्रैंड फिनाले में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि अपने नाम की। यह प्रतिष्ठित हैकाथॉन मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन द्वारा मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन की इनोवेशन सेल एवं ऑल इंडिया काउंसिल फार टेक्निकल एजुकेशन के सहयोग से मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज फरीदाबाद में आयोजित किया गया। विजेता टीम के संस्थान में पहुंचने पर निदेशक डॉ. विवेक शर्मा व स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने बताया कि टीम ने अपनी नवाचारी सोच, तकनीकी दक्षता एवं समस्या समाधान क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देशभर से आई प्रतिभागी टीमों के बीच प्रथम स्थान प्राप्त किया। निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों एवं उनकी मेंटर सुश्री रुचि गुप्ता को हार्दिक बधाई दी। विद्यार्थियों ने टीम नेक्सोरा, ऋषिता, अभिनव प्रताप तथा उनकी मेंटर रुचि गुप्ता को बधाई दी।



**यमुनानगर।** के जेएमआईईटीआई कॉलेज रादौर के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते आयोजक।

# जलभराव से लोगों को निजात दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता : एसडीएम

#### पंजेटा के ग्रामीणों ने एसडीएम छछरौली से की मुलाकात, रखी समस्या

- एसडीएम ने ग्रामीणों को दिया उनकी समस्याओं को दूर किए जाने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बरसाती पानी की निकासी के लिए प्रबंध किए जाने की मांग को लेकर गांव पंजेटो के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल छछरौली के एसडीएम जसपाल सिंह गिल से उनके कार्यालय में मिला। ग्रामीणों ने गांव पंजेटो में बरसात के पानी की निकासी का प्रबंध करवाए जाने की मांग की। एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने ग्रामीणों को उनकी समस्याओं का समाधान किए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की समस्या से लोगों को राहत दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों के समन्वय से प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम जसपाल सिंह गिल को ग्राम पंचायत क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही बरसाती पानी की निकासी की समस्या से अवगत करवाया। उन्होंने अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने कहा कि समय रहते उचित प्रबंध किए जाने से जलभराव, आवागमन में बाधा तथा अन्य संभावित परेशानियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनसहभागिता के साथ कार्य करते हुए गांवों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने ग्रामीणों से भी सहयोग की अपील की। ताकि बरसात के दौरान किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। इस अवसर पर बीडीपीओ कार्तिक चौहान, नायब तहसीलदार आनंद रावल, एसडीओ पंचायती राज शिव दयाल सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य राजेश कटारिया व ग्राम सचिव प्रदीप आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** एसडीएम जसपाल सिंह गिल से मिलते गांव पंजेटा के ग्रामीण।

#### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम

## मच्छर जनित रोगों से सतर्क रहने की जरूरत: डॉ. परवीन

**यमुनानगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व्यासपुर में मानसून के मौसम में मच्छर जनित रोगों से बचाव को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आमजन को मच्छर जनित रोगों से बचाव को सतर्क रहने के लिए आहवान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व्यासपुर की प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. शमा परवीन ने की। प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. शर्मा परवीन ने बताया कि वर्षा ऋतु में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसे मच्छर जनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इन बीमारियों से बचाव के लिए समय रहते आवश्यक सावधानियां अपनाना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने बताया कि डेंगू के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द, उल्टी, जी मिचलाना तथा शरीर पर चकते होना शामिल हैं। डेंगू होने पर केवल चिकित्सक की सलाह से पैरासिटामोल का सेवन करें तथा एस्पिरिन और बरूफेन जैसी दवाइयों का सेवन न करें। साथ ही पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ लें। मलेरिया के लक्षणों में कंपकंपी के साथ बुखार, अत्यधिक पसीना आना, सिरदर्द, थकान तथा उल्टी होना शामिल है। प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. शमा परवीन ने कहा कि मलेरिया की आशंका होने पर तुरंत रक्त की जांच करवाएं और चिकित्सक द्वारा निर्धारित दवाओं का पूरा कोर्स अवश्य पूरा करें। प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. शमा प्रवीण ने बताया कि मच्छरों की रोकथाम के लिए कूलर, गमले, पुराने टायर, पानी की टंकियों तथा अन्य पात्रों में पानी जमा न होने दें। पानी की टंकियों को हमेशा ढककर रखें, पूरी बाजू के कपड़े पहने, मच्छरदानी एवं मच्छर भगाने वाले साधनों का उपयोग करें तथा घर और आसपास साफ.सफाई बनाए रखें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की छिड़काव एवं सर्वे टीमों को पूरा सहयोग देने की भी अपील की। डॉ.शमा प्रवीन ने बताया कि जुलाई माह को डेंगू माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन जागरूकता अभियान,सफाई अभियान, लार्वा सर्वेक्षण, छिड़काव तथा अन्य रोकथाम संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से इन अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाए जाने और मलेरिया व डेंगू जैसी बीमारियों की रोकथाम में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करने की अपील की।



डॉ. शमा परवीन

## अभिभावक अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर रखें पैनी नजर: गोयल

**यमुनानगर।** अभिभावक अपने बच्चों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। उन्हें अकेले नदी, तालाब,नाले और स्विमिंग पुल पर अकेले जाने से रोकें। ताकि वह सुरक्षित रह सकें। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिलेवासियों को अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतर्कता बरतने के लिए आहवान किया है। नशा होने के कारण अक्सर नहर में डूबने से मौत हो जाती है। भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना घटित न हो उसको रोकने के लिए पुलिस द्वारा भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से सभी परिजनों तथा अभिभावकों से यह भी कहा गया है कि आगामी गर्मियों के मौसम को देखते हुए इस दिशा में और अधिक सतर्कता बरतें। क्योंकि अक्सर छुट्टियां बिताने के उद्देश्य से ही बच्चे और युवा इकट्ठा होकर ऐसी जगहों पर जाने का प्लान बनाते हैं। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिला के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि अपनी नियमित गश्त के साथ साथ उनके थाना क्षेत्र में आने वाली सभी नहरों, नालों तथा तालाबों पर भी विशेष निगाह रखें तथा लोगों को इस संबंध में जागरूक भी करें। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को नहर व नदी किनारे गाडियिां खड़ी कर शराब तथा अन्य प्रकार का नशा करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।



पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल बोले- बच्चों को नदी, नालों, तालाब व स्विमिंग पुल पर अकेले नहीं जाने दें

## साइबर ठगों ने गेमिंग एप डाउनलोड करवाकर युवती से ठगे 1.58 लाख रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने गांव तिगरा निवासी खुशी से मोबाइल पर गेमिंग एप डाउनलोड करवा कर अधिक प्रॉफिट देने का झांसा देकर 1.58 लाख रुपये ठग लिए। जानकारी के अनुसार गांव तिगरा निवासी मित्रपाल ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी खुशी आठ जून को अपने मोबाइल पर गेम खेल रही थी। इस दौरान उसकी बेटी के मोबाइल पर एक मैसेज आया। जब उसकी बेटी ने मैसेज पर क्लिक किया तो वह एक ग्रुप से जुड़ गई। जहां पर गेमिंग एप के संबंध में बातचीत चल रही थी। इस दौरान साइबर ठगों ने उसकी बेटी से मैसेज के माध्यम से बात करनी शुरू कर दी। आरोपियों ने उसकी बेटी को गेमिंग एप डाउनलोड करने के लिए कहा।

आरोपियों ने उसकी बेटी को कहा कि गेमिंग एप डाउनलोड कर वह प्रॉफिट कमा सकती है। इस दौरान आरोपियों ने उसकी बेटी को प्रॉफिट देने के नाम पर 1.58 लाख रुपये ठग लिए। इसके बाद आरोपियों ने उसकी बेटी को प्रॉफिट के पैसे नहीं दिए। जब उसकी बेटी को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने उसे घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# जलभराव की निकासी का तुरंत करें प्रबंध: प्रसाद

- नगर निगम आयुक्त खुद निगम अधिकारियों के साथ फील्ड में रहकर जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी की निकासी कराने में जुटे रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी (यमुनानगर जगाधरी) में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। ऐसे में नगर निगम प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद खुद निगम अधिकारियों के साथ फील्ड में रहकर जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी की निकासी कराने में जुटे रहें। रातभर निगम अधिकारी और कर्मचारी दिन रात फील्ड में रहकर जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी की निकासी कराने तथा नालों की सफाई में जुटे रहे। रात के समय भी निगम की टीमें विभिन्न स्थानों पर मशीनों और आवश्यक संसाधनों के साथ तैनात रहीं। ताकि बारिश के पानी की निकासी सुचारु रूप से होती रहे और आम नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बारिश के बीच डिचड्रेन सहित विभिन्न संवेदनशील स्थानों का दौरा कर पानी की निकासी की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जहां भी जलभराव की शिकायत मिले। वहां तत्काल टीम भेजकर समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।





**यमुनानगर।** बारिश के बीच सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते निगमायुक्त महाबीर प्रसाद और रात्रि के समय नालों की सफाई करते हुए सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### महंत अवध बिहारी पांडे ने साध-संगत को बताया शिव स्तुति का महत्व

विश्वकर्मा मंदिर रादौर में शिव संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन

# भगवान शिव की स्तुति से होता है दुःखों का नाश: पांडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के श्री विश्वकर्मा मंदिर में शुक्रवार को शिव संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि देवताओं और राक्षसों को अलग अलग कतार में बिठाया गया और अमृत देवताओं को पिला दिया। समन्द्र से जहर का घड़ा मिला तो भगवान शंकर के अतिरिक्त किसी ने उसे पीने का साहस नहीं दिखाया। भगवान शंकर ने विष तो पिया। लेकिन वह गले से नीचे नहीं उतरा। वह कंठ में ही रुक गया। जिस कारण उनका कंठ नीला पड़ गया। जिससे उन्हें नीलकंठ के नाम से पुकारा जाता है। सावन मास में शिवलिंग पर गंगाजल से अभिषेक किया जाता है। अभिषेक का इतना महत्व है कि विष की शक्ति भी क्षीण हो गई। भगवान शिव को तभी से जल अर्पित किया जाने लगा। श्रद्धा के महा सावन के प्रत्येक व्यक्ति को शिवलिंग पर श्रद्धापूर्वक जल अर्पित करना चाहिए। शिव अंडाकार ज्योति स्वरूप है। दोनों रूपों में पूजा होती है। शरीर धारी शंकर तीनो लोक में विचरण करने वाले हैं। शिव एक जगह स्थित रहकर सृष्टि का संधार व पालन करते हैं।

#### श्रावण में शिव आराधना का विशेष महत्व



कार्यक्रम में मंदिर के महंत अवध बिहारी पांडे ने साध संगत को शिव की स्तुति करने के महत्व से अवगत करवाया गया। मंदिर के महंत अवध बिहारी पांडे ने फरमाया कि भगवान शिव को श्रावण माह अति प्रिय है। जिसमें भगवान शिव की पूजा अर्चना की जाती है। उन्होंने बताया कि शिव की स्तुति से दुखों का नाश होता है। सावन माह में शिवलिंग पर गंगाजल अर्पित करने का विशेष महत्व है। अध्यात्म सिद्धि से लेकर जीवन में सुख समृद्धि की कामना के लिए इस माह में विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं। हजारों वर्ष पहले क्षीर मंथन के दौरान अमृत का घड़ा मिला तो राक्षसों ने देवताओं से छीन लिया और मोहिनी रूप धारण कर भगवान विष्णु ने राक्षसों से इस घड़े को अपने हाथ में लिया।

# देर रात से सुबह तक हुई बारिश से जलभराव, लोग हुए परेशान

## बारिश ने खोली प्रशासन के दावों की पोल, घरों में घुसा बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

देर रात्रि से शुरू हुई बारिश शुक्रवार सुबह तक लगातार जारी रही, जिससे शहर के अनेक क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। मुख्य सड़कें, बाजार, कॉलोनियां और निचले इलाके पानी से भर गए। कई लोगों के घरों में भी पानी घुस गया। बारिश के बाद नगर की जल निकासी व्यवस्था की वास्तविक स्थिति सामने आ गई और प्रशासन के दावों की पोल खुलती नजर आई। जिला में औसत 42.2 एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश के चलते सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर सड़कें पूरी तरह पानी में डूबी रहीं, जिससे बच्चों को पानी के बीच से होकर स्कूल जाना पड़ा। कुछ अभिभावकों ने सुरक्षा कारणों से बच्चों को स्कूल भेजने में भी हिचक दिखाई। दूसरी ओर कार्यालयों, दुकानों और अन्य कार्यस्थलों पर जाने वाले नागरिकों को भी जलभराव और धीमी यातायात व्यवस्था के कारण काफी दिक्कतें झेलनी पड़ीं। शहर के कई प्रमुख मार्गों पर पानी भर जाने से वाहनों की रफ्तार धीमी रही। दोपहिया वाहन चालकों को विशेष परेशानी हुई और कई वाहन पानी में बंद हो गए। पैदल चलने वाले लोगों को भी घुटनों तक पानी में होकर गुजरना पड़ा।


कुरुक्षेत्र। जिला लाइब्रेरी के समक्ष सड़क पर हुआ जलभराव।

### बारिश में फिर डूबी शहर की कई कॉलोनियां



स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान यही स्थिति बनती है, लेकिन स्थायी समाधान के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जाते। बारिश के कारण राजेंद्रा नगर कॉलोनी, कंडा चौक, सेक्टर 17, बिरला मंदिर, सेक्टर 7, सेक्टर 13 व डीएन कॉलोनी सहित कई कालोनियों में जलभराव हो गया। नगर परिषद के कर्मचारी दिनभर पानी को निकालने में लगे रहे। वहीं नागरिकों ने आरोप लगाया कि नालियों की समय पर सफाई नहीं होने और जल निकासी तंत्र कमजोर होने के कारण थोड़ी देर की बारिश में ही सड़कें तालाब बन जाती हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन मानसून से पहले तैयारियों के दावे करता है, लेकिन पहली ही तेज बारिश में व्यवस्थाएं जवाब दे जाती हैं। शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान कर स्थायी समाधान किया जाए, नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा बारिश के दौरान राहत दलों को सक्रिय रखा जाए, ताकि भविष्य में लोगों को ऐसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

## पहली बरसात ने ही खोली प्रशासन के दावों की पोल : अशोक अरोड़ा

- विधायक बोले, नगर परिषद की लापरवाही के कारण नगर की दुकानों और घरों में घुसा पानी

कुरुक्षेत्र। थानेसर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा है कि मानसून की पहली बरसात ने प्रशासन के जन निकासी के दावों की पोल खोल दी है। पहली बरसात में ही नगर में दुकानों व घरों में पानी घुस गया है। सड़कों ने जोहड़ का रूप ले लिया है। अशोक अरोड़ा ने अपने कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि नगर परिषद द्वारा मानसून का सीजन शुरू होने पर नालों की खुदाई शुरू की गई, जबकि यह काफी पहले की जानी चाहिए थी। उन्होने कहा कि नालों की सफाई के नाम पर लीपा-पोती की जा रही है। उनके प्रयासों से पिछले वर्ष 11 वर्ष के बाद नालों की सफाई हुई थी। पिछली सरकारों में मानसून से पहले फ्लड़ कंट्रोल बोर्ड की बैठक होती थी, हर जिले से बाढ रोकने के लिए योजना मांगी जाती थी, लेकिन अब तो लगता है कि योजना बनाने की बजाये पूरा पैसा ही हड़प लिया जाता है। अरोड़ा ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर परिषद द्वारा अपने चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए जनता की खून पसीने की कमाई को लुटाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद ने एक ही एजेंसी को 15.11 करोड़ के 27 ठेके दिए हुए हैं। विधानसभा की आश्वासन समिति को नगर परिषद द्वारा दी गई सूचना के अनुसार लगभग दो वर्ष पूर्व दिए गए ठेकों के अधिक कार्य अभी तक शुरू भी नही किए गए या फिर अधूरे पड़े हैं, जो एक आध नाला बनाया गया है, उसपर लगभग एक वर्ष से स्लैब नही डाली गई है। इसके कारण बरसात का पानी बाहर आकर लोगों की दुकानों और घरों में जा रहा है। पत्रकारों द्वारा एजेंसी का नाम पूछने पर उन्होने बताया कि यह सभी ठेके अग्रसेन कॉपरेटिव लेबर एंड कंस्ट्रक्शन सोसायटी के नाम अलॉट हैं। एजेंसी द्वारा कार्य करने में लिखित में असमर्थता जताने के बावजूद भी इसी एजेंसी से काम करवाया जा रहा है। उन्होने कहा कि नगर परिषद में व्यापक भ्रष्टाचार है। नगर परिषद में फैले भ्रष्टाचार की जांच विजिलेंस विभाग से करवाने की मांग करते हुए कहा अरोड़ा ने कहा कि निष्पक्ष जांच होने पर एक बहुत बड़ा घोटाला सामने आएगा। उन्होने मांग की कि जनता की खून पसीने की गाढी कमाई में लूटमार करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होने यह भी जानकारी दी कि नगर परिषद के अकाउंट आफिसर ने वर्ष 2023 में 6 फर्जी एंट्री दी थी जिस पर आज तक कोई कार्रवाई नही हुई। अशोक अरोड़ा ने रेलवे एलिवेटेड ट्रैक का 17 जुलाई को प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा के दो नेताओं में इस काम का श्रेय लेने की होड़ लगी है।


कुरुक्षेत्र। पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से रूबरू होते विधायक अशोक अरोड़ा।

### पूर्व विधायक को नारियल फोड़ने का शौक

अरोड़ा ने कहा कि पूर्व विधायक को नारियल फोड़ने का बडा शौक है, विधायक कोटे के उनके द्वारा जारी ग्रांट कार्य भी लंबे समय तक रोक लिए जाते हैं और पूर्व विधायक द्वारा नारियल फोड़ने के बाद ही शुरू किए जाते हैं। ऐसा ही एक मामला आलमपुर गांव का बताते हुए उन्होने कहा कि जहां एक ग्रांट से रोड़ धर्मशाला बनाने के लिए 10 लाख रूपए भिजवाए थे लेकिन वह काम लंबे समय से शुरू नही किया गया व दबाव बनाया गया कि पूर्व विधासक से नारियल तुड़वाओ। अरोड़ा ने तंज कसते हुए कहा कि जनता के विकास कार्य होने चाहिए, नारियल चाहे एक की बजाए दो बार तुड़वा लो, उन्हे कोई ऐतराज नही है। एक प्रश्न के उत्तर में अरोड़ा ने कहा कि दो साल पूर्व सक्रिय 4 दलालों का नाम उजागर करने की घोषणा करने वाले पूर्व विधायक ने आज तक भी उन दलालों के नाम नही बताए हैं। इस अवसर पर थानेसर कांग्रेस के शहरी प्रधान विवेक मैहता विक्की, ग्रामीण प्रधान सुनील राणा, जिला कांग्रेस के उपप्रधान विवेक भारद्वाज डब्बू, नगर पार्षद राजेंद्र सैनी, नगर पार्षद परमजीत सिंह प्रिंस, पूर्व पार्षद निश्चल ढिंगड़ा, राधेश्याम गर्ग, जिला कांग्रेस महासचिव टेकचंद बारना तथा सौरभ गर्ग भी उपस्थित थे।


शाहबाद। मारकंडा नदी में बहता पानी।

## बारिश से शाहबाद में जलभराव

- मारकंडा नदी में 15 हजार क्यूसेक पानी दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश का असर शाहबाद में भी देखने को मिल रहा है। मारकंडा नदी में शुक्रवार को करीब 15 हजार क्यूसेक पानी दर्ज किया गया। लगातार बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है, लेकिन शहर के कई हिस्सों में जलभराव ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है। नगर के विभिन्न इलाकों में सड़कों पर पानी भरने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। जलभराव के साथ-साथ सड़कों पर बने गड्ढे भी हादसों का कारण बन रहे हैं। पानी में गड्ढे दिखाई नहीं देने के कारण कई दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि हर वर्ष जल निकासी के बड़े-बड़े दावे करते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति में कोई खास सुधार नहीं दिखाई देता। समाजसेवी अनूप अग्रवाल, नितिन और आशु ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के मौसम को देखते हुए शहर के सभी हिस्सों में सीवर और नालों की नियमित सफाई कराई जाए, ताकि जलभराव की समस्या कम हो और गंदे पानी के कारण फैलने वाली बीमारियों से लोगों को बचाया जा सके।

## रेलवे स्टेशन पार्किंग में गिरा पेड़, तीन बाइक दबीं



कुरुक्षेत्र। शुक्रवार सुबह लगातार हो रही बारिश के बीच कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन की पार्किंग में एक बड़ा पेड़ अचानक गिर गया। पेड़ गिरने से पार्किंग में खड़ी तीन मोटरसाइकिलें उसकी चपेट में आ गईं। हालांकि राहत की बात यह रही कि घटना के समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बारिश और तेज हवा के कारण पेड़ की जड़ें कमजोर हो गई थीं। इसी दौरान पेड़ अचानक भरभराकर पार्किंग में खड़ी बाइकों पर गिर पड़ा। घटना के बाद पार्किंग में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोगों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। पेड़ के नीचे दबने से तीनों बाइकों को आंशिक नुकसान पहुंचा। सूचना मिलने पर संबंधित कर्मचारी और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तथा पेड़ को हटाने का कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद पेड़ को काटकर हटाया गया और पार्किंग व्यवस्था सामान्य की गई।

## खबर संक्षेप

### क्षत्रिय सभा की बैठक में विकास कार्यों पर मंथन

कुरुक्षेत्र। क्षत्रिय सभा कुरुक्षेत्र की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की दूसरी बैठक में सभा की भावी कार्ययोजना, शैक्षणिक संस्थानों के विकास तथा क्षत्रिय सभा भवन राजपूत धर्मशाला के लंबित कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हुए समाजहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभा के प्रधान मोहन सिंह राणा ने बताया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की पहली बैठक 7 जुलाई को आयोजित की गई थी, जिसमें सभा के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की गई थी।

### हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष हुए सम्मानित

कुरुक्षेत्र। फरीदाबाद में सूत्रधार थियेटर फाउंडेशन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा कला परिषद के नवनियुक्त उपाध्यक्ष महेश जोशी को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए भरतमुनि गौरव सम्मान से नवाजा गया। संस्था के निदेशक अनिल नैयर ने कला और संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा इसके वैश्विक विस्तार में महेश जोशी के बहुमूल्य योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें यह स्मृति चिह्न और सम्मान पत्र भेंट किया। इस विशेष सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध रचना पर आधारित नाटक श्यामा का जिहाद का मंचन रहा।

## गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में गणित-विज्ञान मेले में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। गणित-विज्ञान मेले का अवलोकन करते विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह।

भारत की वैज्ञानिक परम्परा, गणितीय चिंतन एवं नवाचार की समृद्ध विरासत से विद्यार्थियों को परिचित करवाने के उद्देश्य से गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र में विद्या भारती के तत्वावधान में विद्यालय-स्तरीय गणित-विज्ञान मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन, अनुसंधान-प्रवृत्ति, रचनात्मकता तथा नवाचार की भावना का विकास करना था। इस मेले में शिशु, बाल, किशोर एवं तरुण वर्गों के लगभग 350 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा गणित एवं विज्ञान विषयों के 340 मॉडलों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उनकी वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता, गणितीय दक्षता, नवाचार एवं व्यावहारिक ज्ञान का उत्कृष्ट परिचय दिया। गणित प्रदर्शों के मूल्यांकन हेतु गीता कन्या विद्यालय की श्रीमती संजोली तथा श्रीमद्भगवद्गीता विद्यालय के अनिल अरोड़ा एवं पंकज शर्मा निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। विज्ञान विषय के प्रदर्शोंका मूल्यांकन विज्ञान विषय प्रमुख राजीव शर्मा एवं नीलम राणा के नेतृत्व में अंकित बहल, ऋषिकांत, श्रीमती ऋतु कौशिक, श्रीमती पूजा कक्कड़, श्रीमती नेहा वधवा, श्रीमती शिल्पा, श्रीमती स्वाति शर्मा, श्रीमती नेहा सचदेवा, श्रीमती मनजीत कौर तथा श्रीमती गीता अरोड़ा ने किया।

## पहली काउंसलिंग में 99.8% तक पहुंची मेरिट

- बी.कॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आईआईएचएस संस्थान द्वारा बी.कॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए आयोजित पहली काउंसलिंग में विद्यार्थियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। संस्थान की प्राचार्या प्रो. रीटा ने बताया कि संस्थान द्वारा जारी मेरिट कटऑफ सूची के अनुसार सामान्य वर्ग में प्रवेश के लिए मेरिट 99.8 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो इस पाठ्यक्रम की लोकप्रियता और विद्यार्थियों के बढ़ते रुझान को दशार्ती है। उच्च मेरिट के कारण अनेक मेधावी विद्यार्थियों के बीच सीटों के लिए कड़ा मुकाबला रहा।

## पीएमश्री राजकीय स्कूल में जलभराव, स्कूल की छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

लाडवा क्षेत्र में चल रही बरसात के कारण बरसात का पानी स्कूल में भरने से लाडवा का पी.एम.श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बरसाती पानी से जलमग्न हो गया, बल्कि स्कूल के कमरों तक में पानी भर गया। स्कूल में बरसाती पानी भरने से बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूल की छुट्टी घोषित करनी पड़ी। स्कूल के कमरों, बरामदों और मैदान में करीब डेढ़ फुट तक पानी भरा खड़ा है। भारी बारिश के बाद स्कूल की दीवारों में बिजली का करंट आने की आशंका के चलते भी यह फैसला लिया गया। शुक्रवार सुबह इससे पहले की छात्र स्कूल पहुंचते स्कूल के चौंकीदार ने स्कूल प्रिंसिपल को स्कूल में भरे पानी से अवगत करवाया गया। प्रिंसिपल ने स्कूल में भरे पानी की समस्या को देखते हुए स्कूल की छुट्टी घोषित कर दी, बल्कि स्कूल का गेट बंद करवा दिया, ताकि बच्चे अंदर न जा सके। क्योंकि बरसात के पानी से स्कूल की दीवारों में बिजली के करंट तक आने की संभावना बनी रहती है। स्कूल प्रिंसिपल संजीव कुमार ने बताया कि बरसात के कारण स्कूल परिसर में जलभराव पहले भी होता रहा है, लेकिन इस बार पानी का स्तर सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा बच्चों की सुरक्षा हमारी सबसे पहली जिम्मेवारी है। डेढ़ फुट पानी भरने के कारण न तो स्कूल में पढ़ाई हो पाती और बरसाती पानी के चलते स्कूल की दीवारों में बिजली करंट आने की संभावना भी ज्यादा थी, क्योंकि पूरा स्कूल पानी से भरा हुआ था।


लाडवा। लाडवा के पी.एम.श्री स्कूल में भरा बरसाती पानी।


कुरुक्षेत्र। सम्मानित होते पूर्व निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया।

### प्रो. महासिंह को मीडिया संस्थान में किया सम्मानित

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी (आईएमसी एंड एमटी) द्वारा संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. महा सिंह पूनिया को उनके उल्लेखनीय योगदान एवं सफल कार्यकाल के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान की निदेशिका प्रो. बिंदु शर्मा सहित शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने प्रो. पूनिया के नेतृत्व में हुए शैक्षणिक, सांस्कृतिक, प्रशिक्षण, शोध, मीडिया तथा छात्र-केंद्रित कार्यक्रमों को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की। उनके कार्यकाल में संस्थान द्वारा 80 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन कर संस्थान की लोकप्रियता को बढ़ाया गया। प्रो. बिंदु शर्मा ने बताया कि प्रो. महा सिंह पूनिया के 1 वर्ष 4 माह के कार्यकाल में संस्थान ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की। उनके नेतृत्व में विद्यार्थियों ने विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं प्रतिष्ठित मंचों पर अनेक पुरस्कार प्राप्त किए तथा मीडिया, प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग, मल्टीमीडिया, ग्राफिक्स एवं एनीमेशन के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। प्रो. पूनिया के कार्यकाल के दौरान विश्व रेडियो दिवस, अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, विश्व प्रिंटिंग दिवस, राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस, हिंदी पत्रकारिता दिवस, राष्ट्रीय प्रेस दिवस, अंतरराष्ट्रीय एनीमेशन दिवस तथा नारद मुनि जयंती जैसे अनेक महत्वपूर्ण आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

## स्वच्छ वातावरण में बेहतर होती पढ़ाई की गुणवत्ता

- राजकीय विद्यालय मुर्तजापुर में घास कटाई मशीन वितरण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। राजकीय विद्यालय मुर्तजापुर में घास कटाई मशीन वितरित करती जिप अध्यक्षा कंवलजीत कौर।

जिला परिषद कुरुक्षेत्र की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि विद्यालयों में विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण दिया जाए हो, ताकि वो मनोयोग के साथ पढ़ाई करते हैं और उनकी पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार भी होता है। जिला परिषद कुरुक्षेत्र की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुर्तजापुर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान के मद्देनजर विद्यालय परिसरों की स्वच्छता एवं रखरखाव को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से खंड पिहोवा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुर्तजापुर में घास कटाई मशीनों के वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। चेयरपर्सन ने कहा कि जिला परिषद की ओर से जिला कुरुक्षेत्र के सभी राजकीय उच्च विद्यालयों तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में घास कटाई मशीनों का वितरण किया जायेगा। उन्होंने सभी विद्यालयों से स्वच्छता, हरियाली और पर्यावरण संरक्षण को जन-भागीदारी का अभियान बनाने तथा विद्यार्थियों को भी इन मूल्यों से जोड़ने का आह्वान किया। चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है।

## बेकार सामग्री से विद्यार्थियों ने बनाए आकर्षक पंखे, रचनात्मकता का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



दिल्ली पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र में कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी विषय के अंतर्गत कला एकीकृत गतिविधि विंड्स ऑफ चेंज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बेकार सामग्री का उपयोग कर आकर्षक एवं रंग-बिरंगे हस्तनिर्मित पंखे तैयार किए। गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता का विकास करना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा टीमवर्क की भावना को प्रोत्साहित करना था। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट की थीम पर आयोजित इस गतिविधि में छात्रों ने अनुपयोगी वस्तुओं को उपयोगी और सुंदर कलाकृतियों में बदलकर अपनी सृजनात्मक क्षमता का परिचय दिया। अंग्रेजी विषय की शिक्षिकाओं श्रीमती डिंपल शर्मा और श्रीमती दीपिका शर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण, पुनर्चक्रण और संसाधनों के सदुपयोग का महत्व समझाया। उनके निर्देशन में सभी विद्यार्थियों ने समूहों में मिलकर पूरे उत्साह और समर्पण के साथ गतिविधि में भाग लिया।

## कार्यशाला में एआई आधारित एडटेक टूल्स पर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 9 और 10 जुलाई को /"टेक्नोलॉजी इंटीग्रेशन इन टीचिंग (एडटेक टूल्स)/" विषय पर /"डिजिटल पेडागॉजी/" थीम के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य संकाय सदस्यों को आधुनिक डिजिटल तकनीकों एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित शिक्षण उपकरणों के प्रभावी उपयोग से परिचित कराना तथा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक सहभागितापूर्ण, प्रभावी और विद्यार्थी-केंद्रित बनाना था। कार्यशाला का उद्घाटन आईआईटी जम्मू के निदेशक प्रो. मनोज सिंह गौर ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। एनआईटी कुरुक्षेत्र के निदेशक प्रो. ब्रह्मजीत सिंह ने अध्यक्षता करते हुए शिक्षा में डिजिटल तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभावी उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बदलते समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए नवीन शिक्षण पद्धतियों को अपनाना आवश्यक है। डीन (फैकल्टी वेलफेयर) प्रो. मयंक दवे तथा विद्युत अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष प्रो. जे. एस. लाठर ने भी नवाचार आधारित शिक्षण की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। कार्यशाला के संयोजक प्रो. सतहंस ने कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्यों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. सौरभ चनाना, डॉ. भानु प्रताप और डॉ. राजेश कुमार ने किया।


कुरुक्षेत्र। अतिथियों का स्वागत करते प्रो. ब्रह्मजीत सिंह।

### विद्यार्थियों को अनुसंधान, नवाचार, उद्यमिता और वैश्विक करियर अवसरों की दी जानकारी

## आयुष क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि वर्तमान समय में आयुष क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं हैं। विद्यार्थियों को पारंपरिक ज्ञान के साथ-साथ अनुसंधान, नवाचार, उद्यमिता एवं आधुनिक तकनीकों को अपनाकर वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, कौशल संवर्धन एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुलपति प्रो. धीमान श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के अनुसंधान, नवाचार एवं उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ (आरआईईडीसी) द्वारा आयोजित /"आयुष में करियर के अवसर : पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण/" विषय पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता आयुष लीगल एवं बिजनेस एडवाइजर, इंस्टीट्यूशनल डेवलपमेंट एक्सपर्ट तथा आयुष पॉलिसी एवं कंप्लायंस विशेषज्ञ पुनीता के. शर्मा ने विद्यार्थियों को आयुष क्षेत्र में तेजी से बदलते परिदृश्य, स्टार्टअप एवं उद्यमिता, अनुसंधान, नियामकीय अनुपालन (रेगुलेटरी कंप्लायंस) तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध करियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से नवाचार की सोच विकसित करने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### अनुसंधान और उद्यमिता पर दिया जोर

उविश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने, बहुआयामी कौशल विकसित करने तथा आयुष क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, अनुसंधान, नवाचार एवं उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. अनामिका, प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, प्रो. जितेश कुमार पंडा सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जागरूकता शिविर का किया आयोजन

**अंबाला।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के मार्गदर्शन तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जंडली में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन पैरा लीगल वालंटियर (पीएलवी) मोना द्वारा किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों एवं उपस्थित प्रतिभागियों को निशुल्क विधिक सहायता, उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों, महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों, साइबर अपराधों से बचाव, बाल विवाह निषेध, पॉक्सो अधिनियम, 2012 तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

### मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल खुला

**अंबाला।** सरकार द्वारा वर्तमान सीजन खरीफ 2026 में फसल पंजीकरण हेतू मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल खोल दिया है। सभी किसानों को निर्देश दिए गए कि वे अपनी फसलों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अवश्य पंजीकरण करवाएं। पंजीकरण उपरांत ही किसान प्रदेश सरकार द्वारा चलाई अन्य स्कीमों जैसे धान की सीधी बिजाई, पराली प्रबन्धन, प्राकृतिक खेती, मेरा पानी मेरी विरासत व कृषि यंत्रों पर मिलने वाली अनुदान राशि का फायदा ले सकते हैं।

### कल भी खुले रहेंगे विशेष काउंटर

**अंबाला।** प्रदेश सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नागरिकों को राहत प्रदान करते हुए संपत्ति कर (प्रोपर्टी टैक्स) की बकाया ब्याज राशि पर 75 फीसदी की विशेष छूट प्रदान की गई है। यह विशेष छूट योजना 31 अगस्त 2026 तक प्रभावी रहेगी। योजना का अधिक लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 31 अगस्त तक निगम कार्यालय में संपत्ति कर जमा करवाने के लिए रविवार के दिन भी संग्रहण काउंटर खुले रहेंगे।

### चेयरमैन ठकराल का किया अभिनंदन

**अंबाला।** मार्केट कमेटी अंबाला छावनी के चेयरमैन बलविंद्र सिंह द्वारा नई अनाज मंडी में हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड पंचकुला के चेयरमैन राजेश ठकराल के आने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। चेयरमैन ने मंडी में चल रहे अटल श्रमिक कैन्टीन के बारे में बताया कि इस कैंटीन में किसानों को 10 रूपये में भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अनाज मंडी में किसान के लिए रेस्ट हाउस का भी प्रावधान है।

### इंजेक्शन तस्करी के दोषी को दस साल की कैद

**अंबाला।** मादक पदार्थ और नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एनडीपीएस मामलों की फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने फैसला सुनाया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. अशोक कुमार की अदालत ने नशीले इंजेक्शनों के साथ पकड़े गए आरोपी कर्मजीत सिंह को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

## जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक: शिकायत के बाद कृष्ण बेदी ने जांच के लिए गठित की कमेटी

# गदौली में पुल निर्माण व स्टोन पीचिंग के कार्य में कोताही ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री से जांच करवाने की लगाई गुहार



**अंबाला।** मीटिंग में लोगों की शिकायतों पर सुनवाई करते मंत्री कृष्ण बेदी।



- सिंचाई विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल
- समिति की मीटिंग में 8 शिकायतों का समाधान
- पांच पर अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सामाजिक न्याय और अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछडे वर्ग कल्याण के विभाग के मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने शुक्रवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक ली। इस दौरान उन्होंने एजेंडे में 13 शिकायतों पर सुनवाई की। आठ शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। 5 के समाधान के लिए कमेटी का गठन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, एसपी अजीत सिंह शेखावत, नगर निगम आयुक्त वीरेंद्र सिंह सहरावत सहित कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य व प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सौहादर्यपूर्ण माहौल में समिति की बैठक हुई है। सभी शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुना गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं को सुनने का उन्हें मौका मिला है। उनका भी पूरा प्रयास है कि सभी लोगों की शिकायतों का समाधान हो। बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री 17 जुलाई को जींद में आ रहे हैं। इस दिन वह देश की पहली हाईड्रोजन ट्रेन को झंडी दिखाकर देश के लोगों को यह सौगात देंगे। कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में तैयारियां की जा रही हैं।

### ये रहे मौजूद

सीईओ जिला परिषद गगनदीप, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम कनिका गोयल, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, एसडीएम शिवजीत भारती, नगराधीश अभिषेक गर्ग, आरटीए सुशील कुमार, एएमसी दीपक सूरा, सिविल सर्जन डॉ. रेणू बेरी, जीएम रोडवेज अश्वनी डोगरा, डीडीपीओ दिनेश शर्मा भी मौजूद रहे।

### इन शिकायतों पर हुई सुनवाई

मीटिंग के दौरान गांव बिहटा व तेपला से आए पवन कुमार, अश्वनी चौहान तथा इंद्रजीत सिंह व हरभजन सिंह व अन्य ने बताया कि उनके खेतों के पास से बरसाती नदी निकलती है जोकि शामली अंबाला हाईवे बनने से बंद हो गई है। अब इसका पानी हमारे खेतों में भर जाता है। इस मामले में एनएचएआई के अधिकारी ने कैबिनेट मंत्री को अवगत करवाया कि इस समस्या के समाधान के लिए पुलिया व पाईप डालने का काम किया जाएगा। विभाग को एस्टीमेट तैयार करके अप्रूवल के लिए भेजा गया है। इसी प्रकार गांव बिहटा के पवन कुमार ने गांव में बरसाती पानी की निकासी की समस्या रखी। इस मामले में बीडीपीओ ने बताया कि पानी निकासी के तहत यहां पर नाले की सफाई करवा दी गई है। कैबिनेट मंत्री ने बीडीपीओ को निर्देश दिए कि वह गांव का जो जोहड़ है उसकी भी एक सप्ताह के अंदर-अंदर सफाई करवाना सुनिश्चित करवाएं। गांव नन्हेड़ा के बीरू राम ने ने बताया कि उसका गांव में मकान है। पिछले कई वर्षों से उसका उक्त जगह पर कब्जा भी है। उसने बताया कि नगर परिषद् द्वारा उसकी प्रोपर्टी आईडी में से उसका नाम हटा दिया गया है। इस मामले में ईओ नगर परिषद ने बताया कि उक्त जगह एक्साईज एरिया के तहत आती है। यह जमीन प्रदेश सरकार की है। हालांकि शिकायतकर्ता जमीन से जुड़ा कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया। मंत्री ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद निर्देश दिए कि जिस व्यक्ति का नाम यदि प्रोपर्टी आईडी में गल्त तरीके से दर्ज है उसे वहां से हटवाएं।

### समस्या के समाधान के निर्देश

अंबाला शहर जगाधरी गेट के सौरभ गंभीर ने बताया कि उनकी वर्ष 1965 से जगाधरी गेट के पास दुकान है। जो 2019 में उनके दादा के नाम रजिस्टर्ड कर दी गई थी। इस शिकायत पर कैबिनेट मंत्री ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि वह प्रार्थी को अपने कार्यालय में बुलाकर दस्तावेजों के साथ उसकी शिकायत को सुनें। इसी प्रकार पंचकूला के कृष्ण कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके बुजुर्गों द्वारा पालिका विहार अंबाला शहर में 3 कनाल 9 मरले जगह वर्ष 1946 में रजिस्टरी करवाकर उन्हें दी गई थी। इस समस्या पर मंत्री ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि वे एक सप्ताह के अंदर-अंदर प्रार्थी की समस्या को सुनकर उसका समाधान करवाएं। पंचकूला के ही राजबीर सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी गांव कोहड़ा-भूरा में कृषि भूमि है। उसके साथ एक बरसाती नाला चल रहा है। उस नाले के चलते उसे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता, नायब तहसीलदार, बीडीपीओ और कमेटी के एक सदस्य को नियुक्त करते हुए उक्त जगह का मुआयना करने के साथ ही समस्या के समाधान के निर्देश दिए गए।

### स्वच्छ पेयजल के लिए पानी में क्लोरीन भी डाली जाए

इसी प्रकार गांव गदौली के सुखबीर सिंह की शिकायत को भी कैबिनेट मंत्री ने विस्तार से सुनते हुए दोबारा से इस मामले में पहले से जो कमेटी गठित की गई थी उसे बरकरार रखते हुए उसमें पूर्व विधायक डा. पवन सैनी को भी शामिल करते हुए मामले की जांच करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत राजोखेडी की सरपंच राजिंद्र कौर व अन्य द्वारा पेयजल व्यवस्था के लिए नई पाईप लाईन बिछाने बारे अपनी शिकायत रखी। इस मामले में कार्यकारी अभियंता ने बताया कि नई पाईप लाईन बिछवाने बारे एस्टीमेट तैयार करके मुख्यालय भिजवा दिया गया है। जैसे ही कार्य के लिए अप्रूवल मिलती है नई पाईप लाईन बिछाने का कार्य तुरंत करवा दिया जाएगा। बेदी ने जन स्वास्थ्य विभाग से आए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी जगहों पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए और साथ ही स्वच्छ पेयजल के लिए पानी में क्लोरीन भी डाली जाए। इसी तरह गदौली के कुलदीप सिंह व अन्य ने उनके गांव में सिंचाई विभाग द्वारा बनाए जा रहे पुल के निर्माण कार्य के साथ जो स्टोन पिंचिग का कार्य किया जा रहा है उस पर सवाल उठाए। कैबिनेट मंत्री ने शिकायत की सुनवाई के लिए एक कमेटी का गठन किया है।

# 6 साल से लापता बुजुर्ग बरामद

- साइबर सेल पुलिस ने तकनीकी संसाधानों का इस्तेमाल कर बुजुर्ग को तलाशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

छह साल से लापता एक बुजुर्ग को पुलिस ने तलाश लिया। अब बुजुर्ग को उसके परिवार के हवाले कर दिया गया। मुखिया के घर लौटने पर परिवार और पूरे पड़ोस में खुशी का माहौल है। प्रबंधक थाना सेक्टर 9 निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि गांव कांवला के पास जग्गी कॉलोनी के रहने वाले बुजुर्ग अजमीत सिंह रेलवे विभाग से सेवानिवृत्त हैं। रिटायर्ड होने के करीब एक साल बाद, मानसिक अस्वस्थता परेशानी के चलते वे अचानक घर से कहीं लापता हो गए थे।


**अंबाला।** छह साल से लापता बुजुर्ग पुलिस के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

### खुशी से परिवार की आंखें नम

सेक्टर नौ पुलिस ने बेहद संजीदगी से लापता बुजुर्ग को तलाशने का अभियान शुरू किया। साइबर सैल की मदद ली गई। सटीक इनपुट के आधार पर पुलिस टीम ने कुछ ही दिनों में आखिरकार बुजुर्ग अजमीत सिंह को हरिद्वार से सकुशल बरामद कर लिया। सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बुजुर्ग को उनके परिवार को सकुशल सौंप दिया गया है। पूछताछ में बुजुर्ग ने बताया कि दिमागी परेशानी के कारण वे घर से चले गए थे। 6 साल के लंबे इंतजार के बाद जब बुजुर्ग अजमीत सिंह अपने घर पहुंचे, तो पूरे परिवार की आंखें नम हो गईं।

# 'शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास'

- नई शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पतरेड़ी में आयोजित की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

नई शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पतरेड़ी में मसखरे रंगमंच के तत्वावधान में रंगमंच कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी एवं रंगमंच प्रशिक्षक नागेंद्र कुमार शर्मा ने किया। इसमें विद्यालय के सौ से अधिक विद्यार्थियों तथा अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान नागेंद्र कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को रंगमंच की मूल अवधारणा, उसके उद्देश्य तथा समाज एवं शिक्षा में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, संवेदनशीलता, संवाद-कौशल और सामाजिक चेतना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने नई शिक्षा नीति-2020 के संदर्भ में रंगमंच की उपयोगिता पर प्रकाश डालते कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तक ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है, और इस उद्देश्य की पूर्ति में रंगमंच अत्यंत प्रभावी भूमिका निभाता है।


**शहजादपुर।** कार्यशाला में हिस्सा लेने वाले छात्र। *फोटो : हरिभूमि*

### आभार जताया

विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपा कौशिक ने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 में अनुभवात्मक एवं गतिविधि आधारित शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है। इस प्रकार की रंगमंच कार्यशालाएं विद्यार्थियों के बौद्धिक, मानसिक, भावनात्मक एवं सामाजिक विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने मसखरे रंगमंच एवं नागेंद्र कुमार द्वारा छात्रों को सरल, रोचक एवं व्यवहारिक ढंग से रंगमंच की शिक्षा देने की प्रशंसा की तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। नागेंद्र कुमार एवं मसखरे रंगमंच का विद्यालय की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# परिवार व समाज को जागरूक करने का आह्वान

- एसआईआर अभियान के अंतर्गत शहर के डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

लोकतंत्र की मजबूती और मतदाता जागरूकता को समर्पित एसआईआर अभियान के अंतर्गत अंबाला शहर के डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के अधिकार, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रार्थना सभा में हुआ, जहां विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मतदान के महत्व, प्रत्येक मत के मूल्य तथा लोकतंत्र को सशक्त बनाने में नागरिकों की भूमिका पर प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं जागरूक बनें तथा अपने परिवार एवं समाज को भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और मतदान के प्रति जागरूक करें।


**अंबाला।** छात्रों को जागरूक करते प्रिंसिपल। *फोटो : हरिभूमि*

### 500 ने लिया भाग

अभियान के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता तथा कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। दोनों प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, रचनात्मकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। मतदान जागरूकता, लोकतंत्र की शक्ति और जिम्मेदार नागरिकता जैसे विषयों पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक पोस्टर और प्रभावशाली स्लोगन सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। इन प्रतियोगिताओं में विद्यालय के लगभग 500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर यह संदेश दिया कि /"मजबूत लोकतंत्र की पहचान – जागरूक मतदाता और शत-प्रतिशत मतदान/"।

# मुख्य आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

- गाड़ी दिलवाने के नाम पर 21 लाख रुपये की ठगी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

आर्थिक अपराध शाखा को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने कम दाम में गाड़ी दिलवाने का झांसा देकर 21 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में मुख्य आरोपी को मालेगांव, महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आर्थिक अपराध शाखा के जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता देवी दयाल ने 16 जून 2026 को एक शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार 04 मई 2026 से 16 जून 2026 के बीच आरोपी जाहिर इब्राहिम शेख व उसके अन्य साथियों ने शिकायतकर्ता को गाड़ी दिलवाने का झांसा दिया था। आरोपी पीड़ित के पास गाड़ी लेकर आए, उससे 21 लाख रुपये नकद लिए और फिर उसी गाड़ी को लेकर मौके से फरार हो गए। इसके बाद आरोपियों ने न तो पीड़ित को गाड़ी सौंपी और न ही उसके पैसे वापस किए।


**अंबाला।** पकड़ा गया आरोपी पुलिस हिरासत में। *फोटो : हरिभूमि*

### आरोपी रिमांड पर

मामले की गंभीरता को देखते हुए आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने तुरंत तकनीकी साक्ष्यों और सूचनाओं के आधार पर जाल बिछाया। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को मालेगांव (महाराष्ट्र) से धर दबोचा। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। अदालत ने आरोपी को पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश दिए हैं। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ करेगी ताकि मामले में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों के ठिकानों का पता लगाकर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके। पीड़ित से धोखे से हड़पी गई 21 लाख रुपये की मोटी रकम बरामद की जा सके।

### अंबाला सर्कल सैनी सभा के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज, नए सिरे से रजिस्टर्ड होगी सभा

**अंबाला।** अंबाला सर्कल सैनी सभा के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका को स्टेट रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज ने खारिज कर दिया है। सोसायटीज की ओर से केवल सभा को दोबारा रजिस्टर्ड करवाने के आदेश जारी किए गए हैं। दरअसल अंबाला सर्कल सैनी सभा के सदस्य बलबीर सिंह ने सभा की गर्वनिंग बॉडी के चुनाव को गैरकानूनी बताते हुए चुनौती दी थी। उनका आरोप था कि सभा की ओर से बॉडी का चुनाव गैरकानूनी तरीके से किया गया है। चुनाव के लिए डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार से न तो अनुमति ली गई न ही कोई नोटिस जारी किया गया था। बलबीर सिंह का यह भी आरोप था कि गर्वनिंग बॉडी ने चुनाव प्रक्रिया की सही ढंग से पालना नहीं की न ही सभा को नए एक्ट के तहत रजिस्टर्ड करवाया गया।


प्रधान देवेंद्र सैनी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**समस्या** बारिश की वजह से बरसाती नदियों का जलस्तर बढ़ा, जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर

# पहाड़ों पर बरसात के बाद नदियों के जलस्तर में उफान

- ग्रामीणों से नदियों के आसपास न जाने की सलाह, नदी किनारे बसे गांवों में मुनियादी करवाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में निरंतर हो रही बरसात से यहां की बरसाती नदियों में भी अचानक जलस्तर बढ़ने से प्रशासन अलर्ट हो गया है। यहां से गुजरने वाली इन नदियों में अचानक पानी आने से एसडीएम शिवजीत भारती ने सभी संबंधित विभागों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग पूरी तरह से सतर्क रहे तथा नागरिक भी पूरी सावधानी बरतें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। खासकर बेगना नदी, मारकंडा, रूण तथा अन्य नदियों में भी बारिश के दौरान तेज जलप्रवाह आता है। नदी एवं नाले पूरे उफान पर बहते है। उन्होंने ऐसे में क्षेत्रवासियों, विशेषकर नदी किनारे बसे गांवों के लोगों से अपील की कि वे बारिश के दौरान नदियों, नालों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों के आसपास जाने से बचें तथा बच्चों को भी वहां न जाने दें। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों, ग्राम सचिवों, पटवारियों, सरपंचों और नंबरदारों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नदियों के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखें, ग्रामीणों को समय-समय पर सचेत करें तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत प्रशासन तक पहुंचाएं। बेगना, मारकंडा और रूण नदी आदि नदियों एवं बरसाती नालों से जुड़े गांवों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।


**शहजादपुर।** बरसाती नदी में बढ़ते जलस्तर का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

### नियम अपनाएं

एसडीएम ने कहा कि बारिश के दौरान हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों से प्राकृतिक रूप से बड़ी मात्रा में पानी नदियों में आता है जिससे जलस्तर अचानक बढ़ जाता है। इसलिए सभी नागरिक प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

### पुराने स्कूल भवनों की नियमित निगरानी करें

एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को सडक़ों, पुलों और सार्वजनिक भवनों की लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं ताकि कहीं भी भूमि कटाव, पुलों को नुकसान अथवा अन्य खतरे की स्थिति बनने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जा सके। खंड शिक्षा अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि पुराने विद्यालय भवनों की नियमित निगरानी करें तथा विद्यार्थियों को ऐसे कमरों और भवनों के आसपास न जाने दें, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। इसके अलावा बिजली निगम के अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति सुचारु बनाए रखने, ढीले एवं क्षतिग्रस्त बिजली तारों की तत्काल मरम्मत करने तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को स्वच्छ पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।